# एनटीपीसी लिमिटेड
*(भारत सरकार का उद्यम)*

**पंजीकृत कार्यालय:** एनटीपीसी भवन, स्कोप काम्प्लैक्स, 7-इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003. • www.ntpc.co.in • सीआईएन – एल40101डीएल1975जीओआई007966

## विज्ञापन संख्या 12/21

# क्लैट-2021 से सहायक विधि अधिकारियों की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड 67907 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और बिजली उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इसकी मौजूदगी है। हमारे देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

## एनटीपीसी अपनी परियोजनाओं/स्टेशनों के लिए ई0 स्तर पर 10 सहायक विधि अधिकारियों की तलाश कर रहा है।

**योग्यता:**

कानून में स्नातक डिग्री (एलएलबी या समकक्ष – मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से पूर्णकालिक डिग्री) न्यूनतम 60% अंकों (एससी / पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 55%) के साथ। उम्मीदवारों को बार काउंसिल के पास पंजीकृत होना चाहिए।

**आयु सीमा:**

एनटीपीसी में ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा 30 वर्ष है।

**चयन प्रक्रिया:**

योग्य उम्मीदवार **क्लैट-2021 (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट-2021) पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम** (नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज के कंसोर्टियम द्वारा आयोजित) के लिए उपस्थित हुए हों। एनटीपीसी में इस विज्ञापन के समक्ष आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से **क्लैट-2021 पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम** प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट किए जाएंगे। इसके बाद, विज्ञापित पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर उम्मीदवारों को नियुक्ति का ऑफर दिया जाएगा। **कृपया ध्यान दें कि किसी अन्य वर्ष का क्लैट स्कोर या किसी अन्य परीक्षा का स्कोर मान्य नहीं है।** सभी इच्छुक और योग्य उम्मीदवार जो **क्लैट-2021 पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम** में उपस्थित हुए थे, वे आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉगइन करें या **www.ntpc.co.in** में कैरियर सेक्शन में जाएं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

**प्रस्तावित रिक्त स्थान:**

| पद का नाम | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहायक विधि अधिकारी | 6 | 1 | 2 | 1 | - | 10 |

सरकार के नियम अनुसार पीडब्लयूबीडी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां। ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अंतिम परिणाम के अधीन सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार हैं।

**सहायक विधि अधिकारी के पद के लिए पहचाने गए विकलांगता प्रकार:** ) बी, एलवी बी) एचएच सी) ओएल, ओए, बीए, बीएल, ओएएल, बीएलओए, बीएलए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी डी) एसएलडी ई) एमडी जिसमें ( ए) से (डी) शामिल हैं

ऊपर बताई गई अनुमानित रिक्तियों की कुल संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेक पर बढ़ / घट सकती है।

**वेतनमान (आईडीए पैटर्न): ई0 स्तर: रुपये 30000/-120000/-, रुपये 30000/- के मूल वेतन पर**

**आरक्षण और छूट:**

1. ईडब्ल्यूएस / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) / एक्सएसएम / पीडब्ल्यूडी (विकलांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक) के लिए उम्मीदवार को आरक्षण और छूट सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) / पीडब्ल्यूडी के लिए पहचानी गई रिक्तियों में छूट दी जाएगी।
2. एक बार ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद श्रेणी (ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी) में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।
3. एनटीपीसी लिमिटेड में ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / एक्सएसएम और महिला उम्मीदवारों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।
4. ऊपरी आयु सीमा में एससी के लिए 5 साल, ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 3 साल की छूट दी गई है। पीडब्ल्यूडी-जनरल के लिए 10 साल, पीडब्ल्यूडी-ओबीसी के लिए 13 साल और पीडब्ल्यूडी-एससी उम्मीदवारों के लिए 15 साल की छूट है। उन उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु में 5 वर्ष की छूट दी गई है, जो सामान्य रूप से जम्मू और कश्मीर राज्य में 01.01.80 से 31.12.89 तक अधिवासित थे। इसके अलावा, भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार होगी।
5. ओबीसी उम्मीदवार जो क्रीमी लेयर से संबंधित हैं, ओबीसी श्रेणी के लिए स्वीकार्य रियायत के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को सामान्य के रूप में इंगित करना होगा।

**स्वास्थ्य:**

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। शामिल होने से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं है। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन कैसे करें:**

1. **उम्मीदवार अपने क्लैट-2021 एडमिट कार्ड नंबर के साथ एनटीपीसी में सहायक विधि अधिकारी के पद के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन करने के लिए वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर या www.ntpc.co.in पर करियर सेक्शन में जाए। आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
2. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 300/- रुपये के गैर-वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / एक्सएसएम श्रेणी और महिला उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।
3. **ऑफलाइन मोड में भुगतान:** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड: 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते (खाता संख्या 30987919993) में पंजीकरण शुल्क लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को पे-इन-स्लिप के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा जो कि आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है। पोर्टल से मुद्रित पे-इन-स्लिप का उपयोग केवल आबंटित खाते में राशि को उचित तरीके से जमा करने के लिए शुल्क जमा करने हेतू किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक यूनीक जर्नल संख्या और धन एकत्र करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरा जाना है। यदि कोई उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।
4. **ऑनलाइन मोड में भुगतान:** उम्मीदवारों के पास ऑनलाइन शुल्क का भुगतान (नेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड (केवल रुपे डेबिट कार्ड) / क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है । ऑनलाइन भुगतान का विकल्प वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए आगे बढ़ने से पहले उम्मीदवार को भुगतान करना आवश्यक है। सफल भुगतान करने के बाद, ऑनलाइन आवेदन में चालान संख्या, बैंक संदर्भ संख्या, भुगतान की तिथि आदि भरना आवश्यक है।
5. **एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता सत्यापित कर लें।**
6. निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और क्लैट-2021 एडमिट कार्ड नंबर और भुगतान विवरण सहित सटीक जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण स्लिप को यूनीक पंजीकरण संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। पंजीकरण पर्ची की प्रति उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए अपने पास रख सकता है। कोई भी दस्तावेज/स्लिप डाक द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।
7. **कृपया सुनिश्चित करें कि क्लैट 2021 प्रवेश पत्र संख्या, जो आपके क्लैट प्रवेश पत्र/स्कोर कार्ड पर उल्लिखित है, सही ढंग से भरी गई है। आवेदक का नाम क्लैट एडमिट कार्ड / स्कोर कार्ड में जैसे लिखा है उसी प्रकार से भरा जाना चाहिए।**

**सामान्य जानकारी और निर्देश:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु, योग्यता की सभी गणना ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि के संबंध में की जाएगी।
4. इच्छुक/योग्य उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करते समय विज्ञापन पूरा पढ़ लेना चाहिए।
5. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त में से कोई भी कमी नियुक्ति के बाद भी पाई जाती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार करने से उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज की गई ई-मेल आईडी कम से कम अगले एक वर्ष के लिए वैध होनी चाहिए। एक बार दर्ज करने के बाद ई-मेल आईडी में कोई बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य के सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों को भेजे गए किसी भी ईमेल के अस्वीकृत होकर वापस लौटने के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।
7. एनटीपीसी के पास बिना कोई और नोटिस जारी किए या कोई भी कारण बताए, जो भी हो, भर्ती प्रक्रिया को रद्द/प्रतिबंधित/विस्तार/संशोधित/बदलने का अधिकार सुरक्षित है।
8. पोस्टिंग एनटीपीसी लिमिटेड की किसी भी इकाई/ परियोजना/ संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में होगी। **सभी पोस्टिंग प्रबंधन के विवेकाधिकार पर हस्तांतरणीय हैं।**
9. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता / विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** में दिया गया अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
10. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में दाखिल किसी आवेदन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में स्थापित की जा सकती है और केवल दिल्ली में अदालतों/ट्रिब्यूनलों/मंचों के पास किसी भी ऐसा कारण / विवाद से जुड़े मामले पर मुकदमा चलाने का एकमात्र और अनन्य अधिकार क्षेत्र होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

**ऑनलाइन आवेदन की आरंभ तिथि: 24.12.2021**

**ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 07.01.2022**

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*